1	2
Mizoram	1.55
Nagaland	1.82
Orissa	15.63
Punjab	72.31
Rajasthan	61.47
Sikkim	0.59
Tamil Nadu	151.14
Tripura	2.04
Uttar Pradesh	195.00
West Bengal	92.46
UNION TERRITORIES	
Andaman & Nicobar	0.32
Chandigarh	10.33
Dadra & Nagar Haveli	0.26
Delhi	153.95
Daman	0.35
Laksahdweep	0.00
Pondicherry	2.92
Silvasis	0.00
Diu	0.00

गुजरात में रसोई गैस के नकली सिलेंडर

1118. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में बड़े पैमाने पर रसोई गैस के नकली सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो पिछले वर्ष कितने नकली सिलेंडर पकड़े गये हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) और (ख) वर्ष 1991-92 के दौरान गुजरात में स्थित बाटलिंग संयंत्रों से 1276 संदिग्ध नकली सिलिंडरों का पता चला था।

(ग) तेल कम्पनियों के क्षेत्रीय अधिकारी प्रणाली में नकली सिलिंडरों के परिचालन पर नजर रखते हैं। संदिग्ध परिसरों में छापे मारे जाते हैं। जब कभी तेल विपणन कम्पनियों द्वारा नकली सिलिंडरों का पता लगाया जाता है, उन्हें शीघ्र ही नष्ट कर दिया जाता है। जब ऐसे सिलिंडरों का एल.पी.जी. एजेंसियों / परिवहन कर्त्ताओं से पता चलता है तो उन्हें चेतावनी पत्र जारी किए जाते हैं और 1500 रुपये प्रति नकली सिलिंडर का एक दंड लगाया जाता है।

उत्तर प्रदेश में एस० के० ओ० की आपूर्ति में वृद्धि किया जाना

1119. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में 1992-93 के लिये एस० के० ओ० का आबंटन 1991-92 के आधार पर ही किया गया है जबकि इसकी मांग 1991-92 से अधिक है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उत्तर प्रदेश में एस० के० ओ० की आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) से (ग) देश में एस० के० ओ० एक० कमी वाला उत्पाद है। विदेशी मुद्रा संबंधी बाधाओं की वजह से आयात में सीमितता के कारण वर्ष 1992-93 के दौरान सभी राज्यों को एस० के० ओ० का आबंटन वर्ष 1991-92 के दौरान के समान स्तर पर किया गया। अब सरकार ने निजी एजेंसियों / उद्यमियों द्वारा उनके अपने वितरण नेटवर्क के माध्यम से बाजार मूल्य पर एस० के० ओ० के आयात और बिक्री के लिए एस० के० ओ० के० सामान्तर विपणन की भी अनुमति दी है।

उत्तर प्रदेश में रसोई गैस की आपूर्ति

1120. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में रसोई गैस की आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए क्या उपाय किये गये हैं;

(ख) रसोई गैस की आपूर्ति की व्यवस्था किस तरह से की जाती है और उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में रसोई गैस की कितनी मांग थी और इसकी कितनी आपूर्ति की गयी थी?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) और (ख) दिनांक 1.10.1992 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में एल.पी.जी. का वितरण 453 डिस्ट्रीब्यूटरशिपों के माध्यम से किया जा रहा है। ये आपूर्तियां उत्तर प्रदेश स्थित बाटलिंग संयंत्रों से तथा हरियाणा के असौती और पंजाब के लालरू से की जाती हैं। एल.पी.जी. के वर्तमान उपभोक्ताओं की मांग कमोबेश पूरी तरह से पूरी की जा रही है। बाटलिंग संत्रंयों का प्रचालन बढ़ाए गए घंटों तथा रविवारों / अवकाश के दिनों में कर के एल.पी.जी. की आपूर्ति में वृद्धि से अस्थायी बकाया निपटाया जाता है ताकि प्रभावित बाजारों की मांग पूरी की जा सके।